# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 23 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल षष्ठी
विक्रम संवत 2082

**PAGE NO, 04, BOTTOM**


# होली आई रे... गीत सुनकर झूम उठे श्रोता



होली के गीत सुनाते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम फाल्गुन की फुहार 'रंग रसिया' का आयोजन किया गया। इसमें श्रोताओं ने होली गीतों का आनंद लिया और झूम उठे।

कार्यक्रम का आगाज शास्त्रीय संगीत की इंस्ट्रूमेंटल धुन से हुआ। गायन गुरु सात्विक मिश्रा और विद्यार्थियों मानसी टंडन, गीतू अरोड़ा, अंशुमा अग्रवाल, सोनम गउल आदि ने अनुग्रह गीत मेरा मुर्शीद खेले होली... की प्रस्तुति दी। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने होली आई रे... गीत की प्रस्तुति दी तो महफिल झूम उठी। सात्विक मिश्रा ने डॉ. रीता शर्मा के साथ 'होली खेलो री राधा संभल के... गीत के जरिये श्रोताओं को रंगों से भिगोया। इंदू परडल, अंशुमा, शालिनी ने भी होली गीतों की पैरोडी प्रस्तुत कर रंगों की बारिश की। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा और शहर के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। संवाद